तापमान

भोपाल	18.0°	34.0°
इंदौर	17.0°	36.0°
जबलपुर	21.0°	35.0°
ग्वालियर	23.0°	37.0°
सागर	21.0°	35.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 306, पृष्ठ 12)
आश्विन, कृष्ण अष्टमी संवत् 2083
रविवार, 4 अक्टूबर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... 14 जोन में अपराध की सूचना से अंतिम न्याय तक...



खेल... प्रणवी उर्स ने रचा इतिहास, भारत ने महिला गोल्फ में जीता...



व्यापार... जेन्सेन हुआंग की संपत्ति 200 अरब डॉलर के पार...



देश-विदेश... ममता की 2021 की पैर की चोट पर जांच

राज्यस्तरीय गौपालक सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री बोले

देश 2029 तक पूर्णतः नशामुक्त होगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को नक्सलवाद की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल गई है। अब बारी पूरे देश को नशामुक्त बनाने की है। भारत को वर्ष 2029 के अंत तक नशामुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। मध्यप्रदेश को 31 दिसम्बर 2029 तक पूर्णतः नशामुक्त बनाने किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के लिए सभी संभव योजनाएं तैयार की जाएंगी। इससे देश-प्रदेश के युवाओं को नई दिशा मिलेगी। श्री शाह शनिवार को राजधानी के भेल दशहरा मैदान में आयोजित विशाल राज्य स्तरीय गौ-पालक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने मध्यप्रदेश में करीब 50 एकड़ भूमि में गौवंश एवं भैंसों की नस्ल सुधार का काम प्रारंभ करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कारगर उपायों से ही मप्र अगले तीन साल में 50 लाख लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन का लक्ष्य हासिल करेगा। पशुधन और दुग्ध उत्पादन किसानों तथा गौपालकों की आर्थिक समृद्धि का प्रमुख आधार है। पशुधन से दुग्ध उत्पादन और दुग्ध उत्पादन से गौपालकों के घर समृद्धि आती है। उन्होंने मध्यप्रदेश के गौपालकों से प्रतिदिन 50 लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने की अपील की। शाह शनिवार को भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय गौपालक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन में शाह ने उज्जैन में 255 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले तीन लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का डिजिटल भूमि-पूजन किया। भोपाल में 16.50 करोड़ रुपये की लागत से बने 40 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के किण्वित उत्पाद डेयरी संयंत्र और 12.42 करोड़ रुपये की लागत से बनी राज्यस्तरीय केंद्रीय गुणवत्ता प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। शिवपुरी में 6.50 करोड़ रुपये की लागत से मिनी डेयरी संयंत्र के सुदृढ़ीकरण कार्य का भी लोकार्पण हुआ। भोपाल और इंदौर दुग्ध संघों से जुड़े पशुपालकों को 15.10 करोड़ रुपये की लाभांश राशि तथा गौशालाओं को गौवंश संरक्षण और आहार के लिए 88 करोड़ रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित की गई। पांच गौपालक दीदियों और सर्वश्रेष्ठ दुग्ध उत्पादन करने वाली समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। शाह ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाला देश है। देश में प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन बढ़कर 485 ग्राम प्रतिदिन हो गया है।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के राज्य स्तरीय गौपालक सम्मेलन में हितग्राहियों को हित लाभ वितरित किए।

गौपालकों को पुरस्कार दिए जाएँगेः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 80 लाख से अधिक गौपालकों का परिवार है और राज्य दूध उत्पादन में देश का तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। सरकार का लक्ष्य दूध संग्रहण बढ़ाकर प्रतिदिन 50 लाख लीटर करना है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों के वृंदावन ग्रामों में उत्कृष्ट गौपालकों की प्रतियोगिता कराने की घोषणा की। प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय 50 हजार और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये होगा। उन्होंने 168 नई गौ-एम्बुलेंस चलाने तथा उन्नत नस्ल के पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पशुपालक मेले आयोजित करने की भी घोषणा की। सम्मेलन में कृभको और मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड के बीच नगर वन विकास के लिए समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी हुआ।

एशियाई खेलों में भारत ने जीते 21 स्वर्ण कुल 85 पदक के साथ चौथे स्थान पर



पुरुष हॉकी टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक, 2023 के बाद भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नागोया, एजेंसीः भारत ने एशियाई खेलों में 21वां स्वर्ण पदक जीत लिया है। पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल मुकाबले में मलेशिया को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत ने कुल 85 पदक जीत लिए हैं और पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने इस बार 21 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक सहित कुल 85 पदक जीते हैं। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले 2023 में भारत ने 28 स्वर्ण सहित कुल 106 पदक जीते थे। पुरुष हॉकी में भारत लगातार दूसरी बार चैंपियन बना। फाइनल में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए। उन्होंने 11वें और 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागे। जुगराज ने 23वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया। 43वें मिनट में हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया, जबकि 54वें मिनट में शिलानंद ने फील्ड गोल किया। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 14वें मिनट में शेलो सिल्वरियस ने किया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहली बार लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। इसी संस्करण में भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। कुश्ती में अंतिम पंघाल को रजत पदक मिला। महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में उन्हें जापान की मोए कियोका ने 9-1 से हराया। अंतिम ने इससे पहले हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। शनिवार को भारत ने पुरुष क्रिकेट, तीरंदाजी, गोल्फ और कुश्ती में भी स्वर्ण पदक जीते। इसके साथ भारत की पदक संख्या 85 हो गई।

वैभव सूर्यवंशी एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले सबसे युवा भारतीय



भारत ने एशियाई खेलों के टी-20 क्रिकेट फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ वैभव सूर्यवंशी एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। निशिन में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 211 रन बनाए। यह पाकिस्तान के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भी इस मुकाबले में उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 400 रन पूरे करने के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया।

खास-खबरें

राहुल गांधी ने शुरू किया 'सत्याग्रह' मंच

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में विभिन्न मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलनों और लोगों की समस्याओं को एक मंच पर लाने के लिए 'सत्याग्रह' डिजिटल मंच शुरू किया है। उन्होंने लोगों से अपने संघर्ष और समस्याओं की जानकारी साझा करने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा कि किसान, छात्र, महिलाएं, आदिवासी और अन्य वर्ग अपने अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मंच के माध्यम से लोग अपने आंदोलन की जानकारी साझा कर सकेंगे और समान मुद्दों पर संघर्ष कर रहे लोगों को डिजिटल मानचित्र पर देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में वे संसद, सड़क और पत्रों के माध्यम से लोगों के मुद्दों के साथ खड़े रहेंगे। 'सत्याग्रह' नाम महात्मा गांधी की विचारधारा से प्रेरित है।

फार्मा कंपनी में बॉयलर फटा, 5 की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, तिरुपतिः आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में श्री सिटी स्थित एक फार्मा कंपनी में बॉयलर फटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। धमाका इतना तेज था कि इमारत का एक हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। हादसे के बाद कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सत्यवेडु मंडल में हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवा की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव अभियान शुरू किया। बचाव दल ने घायलों को घटनास्थल से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

सैनिकों ने चोरी किए थे हथियार, सात गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः हैदराबाद में सेना की सुविधा से हथियार चोरी करने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन सेवारत सेना कर्मी, पश्चिम बंगाल के दो लोग, मुख्य आरोपी पूर्व हवलदार उप्पुथल्ला मल्लेश का एक चचेरा भाई और उसका दोस्त शामिल हैं। मल्काजगिरी पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी मल्लेश को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक, 30 और 31 अगस्त की दरमियानी रात बोलारम स्थित कोटे और बटालियन मैगजीन से एके-203 असॉल्ट राइफलें और गोलियां चोरी की गई थीं। चोरी का सामान नागरकुर्नूल जिले के अचामेप्ट स्थित मल्लेश के पिता के घर छिपाया गया था। पुलिस ने पूरा सामान बरामद कर लिया है। जांच में सामने आया कि मल्लेश ने तीन सेना कर्मियों की मदद से कोटे और मैगजीन के ताले तोड़े और हथियार चुराए। पुलिस के अनुसार, मल्लेश का उद्देश्य बैंक, आभूषण दुकानों और अमीर लोगों को लूटकर बड़ी रकम जुटाना था। उसे अनुशासनहीनता और खराब स्वास्थ्य के कारण जून में सेना से समय से पहले सेवानिवृत्त किया गया था। पुलिस ने बताया कि जांच में किसी आतंकी या उग्रवादी संगठन से संबंध नहीं मिला है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि मल्लेश ने 2022 में पश्चिम बंगाल में दो लोगों से देसी हथियार और कारतूस खरीदे थे।

43वीं मंजिल से इंजीनियर ने लगाई छलांग, चार युवकों ने बचाने की कोशिश की

सुपरनोवा के एस्पायर टावर की घटना, पुलिस जांच में आर्थिक परेशानी, बच्चे की बीमारी और तलाक की बात सामने आई

नईदुनिया ब्यूरो, नोएडाः नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा सोसाइटी के एस्पायर टावर में शनिवार को 29 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर संभव जैन ने 43वीं मंजिल से छलांग लगा दी। घटना के समय चार युवकों ने उसे रोकने और बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह उनके हाथ छुड़ाकर नीचे कूद गया। सूचना मिलने पर सेक्टर-126 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, संभव जैन गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर क्षेत्र का रहने वाला था। उसने 2 अक्टूबर को सुपरनोवा बिल्डिंग में कमरा नंबर 4228 किराए पर लिया था। यह कमरा एयरबीएनबी होटल का बताया गया है। उसने दोपहर करीब ढाई बजे कमरे में प्रवेश किया था। शनिवार सुबह 11:27 बजे वह कमरे की बालकनी से बाहर की ओर चला गया।

पास के कमरे नंबर 4227 में काम कर रहे चार एसी तकनीशियनों ने उसे देखा और मौके पर पहुंचकर समझाने की कोशिश की। उन्होंने उसका हाथ पकड़कर उसे ऊपर आने के लिए कहा। पुलिस के मुताबिक, संभव ने युवकों से कहा कि वह काफी तनाव में है और जीना नहीं चाहता। इसके बाद उसने खुद को उनसे छुड़ाया और नीचे छलांग लगा दी।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में संभव के पिछले कुछ समय से तनाव में रहने की बात सामने आई है। जांच में उसके मोबाइल से पिता के साथ हुई वॉट्सऐप बातचीत मिली है। बताया गया है कि वह घटना से पहले तीन दिन तक अपने पिता से बातचीत कर रहा था और बार-बार आत्महत्या की बात लिख रहा था। पिता ने उसे समझाने और घर लौटने के लिए कहा था।

होर्मुज में तेल टैंकर पर मिसाइल हमला, 5 भारतीय नाविक सुरक्षित

कुवैत के झंडे वाले एमटी काजिमाह-3 पर हुआ हमला, ओमान में भारतीय दूतावास ने कराया सभी की सुरक्षित निकासी



मस्कट, एजेंसीः होर्मुज जलडमरूमध्य में शुक्रवार को कुवैत के झंडे वाले तेल टैंकर एमटी काजिमाह-3 पर मिसाइल से हमला हुआ। जहाज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को सुरक्षित बाहर निकालकर तट पर पहुंचाया गया। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने बचाव अभियान का समन्वय किया और ओमानी अधिकारियों के सहयोग के लिए आभार जताया। एमटी काजिमाह-3 कच्चे तेल का टैंकर है और तोगो के लोमे बंदरगाह की ओर जा रहा था। हमले के बाद पांचों भारतीय नाविकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। हमले के स्रोत और इसके लिए जिम्मेदार पक्ष के बारे में तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना के बीच फारस की खाड़ी में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, क्षेत्र में विभिन्न वाणिज्यिक जहाजों पर 4,500 से अधिक भारतीय नाविक कार्यरत हैं। इनमें 12 सक्रिय मालवाहक जहाजों पर करीब 163 भारतीय नाविक हैं। इन जहाजों में छह भारतीय ध्वज वाले और छह विदेशी ध्वज वाले जहाज शामिल हैं। भारत का जहाजरानी मंत्रालय भारतीय राजनयिक मिशनों और स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही और भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर नजर रख रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

गुवाहाटी के नाइट क्लब में महिला से मारपीट का आरोप, मैनेजर हिरासत में

विवाद के बाद बाउंसर महिला को पार्किंग में लाए, घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

नईदुनिया ब्यूरो, गुवाहाटीः असम के गुवाहाटी के खानापारा इलाके स्थित एक नाइट क्लब में महिला से मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। घटना 1 अक्टूबर की देर रात की बताई जा रही है।

मामले से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने क्लब मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वीडियो में महिला पार्किंग क्षेत्र में फर्श पर दिखाई दे रही है। उसके ऊपरी शरीर पर कपड़े नहीं हैं। दो महिलाएं उसके साथ मारपीट करती दिखाई दे रही हैं, जबकि आसपास कई पुरुष खड़े नजर आते हैं। एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति महिला को उठाने की कोशिश करता दिखाई देता है। इसके बाद एक कार के सामने आने से कुछ समय के लिए दृश्य दिखाई नहीं देता।

बिल्डिंग के सुरक्षा गार्ड के अनुसार, महिला कुछ दोस्तों के साथ क्लब पहुंची थी। आरोप है कि क्लब के अंदर उसका एक बाउंसर से विवाद हुआ और महिला ने उस पर बीयर की बोतल से हमला किया। इसके बाद अन्य बाउंसर उसे चौथी मंजिल से नीचे पार्किंग क्षेत्र में ले आए। गार्ड के अनुसार, पार्किंग में महिला के साथ मारपीट की गई और उसके ऊपरी कपड़े उतार दिए गए।

पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पूर्वी गुवाहाटी के पुलिस उपायुक्त तबु राम पेगू ने बताया कि क्लब मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पीड़ित महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि महिला की ओर से शिकायत नहीं मिलने पर भी पुलिस स्वयं मामला दर्ज कर सकती है।

जंतर-मंतर पर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

एसआईआर के विरोध में 150 लोग हिरासत में

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली के जंतर-मंतर के पास शनिवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और वाम संगठनों ने लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का विरोध करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की और करीब 150 लोगों को हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को इसी मुद्दे पर हुए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया था। प्रदर्शन में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी प्रदर्शन में मौजूदगी रही। पुलिस ने जंतर-मंतर की ओर जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा बढ़ाई और कई स्थानों पर बैरिकेड लगाए। इस बीच कॉकरोच जनता पार्टी ने भी एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि यदि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं तो 10 अक्टूबर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा।



दीपके की एक्स पोस्ट प्रतिबंधित

नई दिल्लीः कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके की ममता बनर्जी को धन्यवाद देने वाली एक्स पोस्ट प्रतिबंधित कर दी गई है। दीपके ने दावा किया कि 10 अक्टूबर से पहले उनका एक्स खाता भी हटाया जा सकता है। सीजेपी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में प्रदर्शन कर रही है। मुंबई के शिवाजी पार्क में 2 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने आयोजकों और 400-500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

मौसम — बाढ़ से 255 गांव प्रभावित, 4 लाख आबादी पर असर; 44 हजार लोगों ने छोड़े घर

मप्र से मानसून विदा, बिहार में बारिश का कहर

नईदुनिया ब्यूरो, भोपाल/ पटनाः मध्य प्रदेश से शनिवार को मानसून पूरी तरह विदा हो गया। इस वर्ष मानसून पिछले साल की तुलना में करीब 10 दिन पहले लौट गया। प्रदेश में मानसून 24 जून को पहुंचा था। शनिवार को इसके पूरी तरह विदा होने के साथ राज्य में मानसूनी गतिविधियों का दौर समाप्त हो गया।

उधर, बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। राज्य सरकार के अनुसार, बिहार का करीब 68.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र यानी लगभग 73 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ प्रभावित है। राज्य के 38 में से 28 जिले बाढ़ की चपेट में आने वाले माने जाते हैं। सरकार हर साल बाढ़ से निपटने और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कार्यों पर करीब 6.4 हजार करोड़ रुपये खर्च करती है। गंडक नदी में उफान और तटबंध टूटने के कारण सारण समेत छह जिलों के करीब 255 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इससे करीब चार लाख की आबादी प्रभावित हुई है। बाढ़ के कारण 44 हजार लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। राज्य की प्रमुख नदियों में भी पानी का स्तर बढ़ा हुआ है। बिहार में बाढ़ नियंत्रण के लिए हर साल बड़ी राशि खर्च की जाती है। इसके बावजूद गंडक नदी के उफान और तटबंध टूटने के बाद कई इलाकों में पानी फैल गया है। प्रभावित गांवों में बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। उत्तर प्रदेश की कई नदियां अब भी उफान पर हैं। गंगा और शारदा समेत 15 नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। उन्नाव में सई नदी का पानी 12 से अधिक गांवों में घुस गया है। इससे इन गांवों में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का अलर्ट नहीं होने के बावजूद नदियों में पानी का स्तर अभी सामान्य नहीं हुआ है।

